सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 36 | इंदौर, शनिवार 17 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Vinesh Phogat: विनेश फोगाट का नई दिल्ली एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, बजरंग-साक्षी से मिलकर हुईं भावुक**
2. **Kolkata Case: आरजी कर मेडिकल कॉलेज में केंद्रीय बल तैनात करने की मांग, डॉक्टर ने सीजेआई को लिखा पत्र**
3. **Kolkata Case: कोलकाता मामले को लेकर दुनियाभर में उठी आवाज, न्यूयॉर्क से लंदन तक लोग सड़कों पर उतरे**
4. **Indian Army: भारतीय सेना की बड़ी उपलब्धि, 15 हजार की फीट पर सफलतापूर्वक एयर ड्रॉप किया गया हेल्थ क्यूब**

MP सरकार का बड़ा फैसला

# मदरसों में गैर मुस्लिमों को धार्मिक शिक्षा दी तो मान्यता होगी रद्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में मदरसों को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए मदरसों में पढ़ रहे छात्रों के भौतिक सत्यापन का आदेश जारी किया है. इस दौरान यदि वहां फर्जी तरीके से गैर-मुस्लिम या मुस्लिम बच्चों के नाम पाए जाते हैं या बच्चों को उनके अभिभावकों की अनुमति के बिना धार्मिक शिक्षा दी जा रही होगी तो ऐसे मदरसों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी.**

शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश के मदरसों में शासकीय अनुदान प्राप्त किए जाने के उद्देश्य से अनेक गैर मुस्लिम बच्चों के नाम फर्जी रूप से छात्र/छात्राओं के रूप में दर्ज हैं. इसका शीघ्र सत्यापन कराए जाने की आवश्यकता है.

### सरकार ने अपने आदेश में कहा है

(1) ऐसे मदरसे जो मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त है का भौतिक सत्यापन कराया जाए कि ऐसे मदरसों में शासन से अनुदान प्राप्त करने के लिए फर्जी रूप से गैर-मुस्लिम अथवा मुस्लिम बच्चों के नाम दर्ज तो नहीं है, यदि ऐसे मदरसों में फर्जी रूप से बच्चों के नाम दर्ज पाये जाते है तो अनुदान बंद करने, मान्यता समाप्त करने एवं उपयुक्त दाण्डिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए.



(2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 28 (3) के अनुसार 'राज्य से मान्यता प्राप्त या राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाली किसी शैक्षिणिक संस्था में उपस्थित होने वाले किसी व्यक्ति को ऐसी संस्था में दी जाने वाली किसी धार्मिक शिक्षा में भाग लेने के लिए या ऐसी संस्था में या उससे संलग्न स्थान में की जाने वाली धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के लिए तब तक बाध्य नही किया जायेगा जब तक कि उस व्यक्ति ने या यदि ऐसा व्यक्ति अवयस्क है तो उसके संरक्षक ने इसके लिए अपनी सहमति नही दे दी है.

(3) उक्त संवैधानिक प्रावधान के अनुसार यदि शासन द्वारा मान्यता प्राप्त या राज्य निधि से सहायता प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को उनकी (यदि वह अव्यस्क है तो उनके अभिभावकों) की स्पष्ट सहमति के बिना उनके धर्म की शिक्षा के विपरित दीनी तालीम दी जा रही है या किसी प्रकार की धार्मिक शिक्षा ग्रहण करने अथवा उपासना में उपस्थित होने को बाध्य किया जा रहा है, तो ऐसे मदरसों के सभी शासकीय अनुदान बंद किया जाए. इसके अलावा उनकी मान्यता समाप्त करने की विधिवत कार्यवाही एवं अन्य उपयुक्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए.

स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट जल्द देने को निर्देश दिए है. गैर-मुस्लिमों के साथ-साथ अगर मुस्लिम बच्चों के भी नाम फर्जी तरीके से दर्ज हैं या किसी भी धर्म के बच्चे को बिना अभिभावकों की अनुमति के दीनी तालीम दी जा रही होगी तो कड़ी कार्रवाई करेंगे.

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# स्कूली छात्रा ने रापी को खुद के गले में कई बार घोंपा

### कुछ देर में बेहोश होकर गिरी, घटना सीसीटीवी में कैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी।** सीधी जिले के सेमरिया हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने सड़क पर एक चौंकाने वाली घटना हुई। एक 9वीं कक्षा की छात्रा ने अचानक अपने गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया। उसने एक-एक कर करीब 9 से 10 बार अपने गले पर वार किया। इसके बाद छात्रा को जिला अस्पताल सीधी ले जाया गया, जहां से उसे संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शी कुबेर तोमर ने बताया किछात्रा ने जूता बनाने वाली रापी से खुद के गले पर एक-एक कर कई बार किए। कुछ देर बाद वह वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल सीधी ले जाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रीवा संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि यह घटना 16 अगस्त की दोपहर 2 बजे



के आसपास की है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी में छात्रा खुद पर वार करते हुए दिखाई दे रही है। उसकी साथी छात्राएं उसे रोकने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन वह लगातार वार कर रही है। छात्रा को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद ही साफ हो पाएगा कि छात्रा ने ऐसा क्यों किया।

### प्रदेश सरकार ने डाकुओं की सूचना देने वाले मुखबिरों को

# सरकारी नौकरी देने का नियम समाप्त किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने डाकुओं की सूचना देने वाले मुखबिरों को सरकारी नौकरी देने के नियम को खत्म कर दिया है। यह नियम 1981 में अर्जुन सिंह की सरकार में लाया गया था, लेकिन अब डॉ मोहन यादव की सरकार ने इसे खत्म करने का फैसला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है और प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों और कमिश्नर को निर्देश दिए हैं।

# IDA की एपी-1 और एपी-5 स्कीम के नक्शे पास नहीं होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उज्जैन रोड से धार रोड को जोड़ने वाले अहिल्या पथ का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण सिंहस्थ मेले से पहले करेगा। 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में आइडीए की एपी-1 और एपी-5 स्कीम आ रही है। दोनों स्कीम में फिलहाल नक्शे पास नहीं होंगे।**

दोनों स्कीम में यदि छह माह में नगर तथा ग्राम निवेश ने नक्शे मंजूर किए है, लेकिन नगर निगम से यदि विकास अनुमति जारी नहीं हुई है तो वे नक्शे भी निरस्त होंगे। यह फैसला शुक्रवार को आईडीए बोर्ड की बैठक में लिया गया। आईडीए स्कीम नंबर 136 में एक नया कॉम्प्लेक्स बनाएगा। इसके निर्माण की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा मोरोद गांव में ट्रांसपोर्ट नगर व मंडी के निर्माण की तैयारी भी आइडीए कर रहा है। मिल श्रमिकों को झांकी निर्माण के लिए आइडीए पांच मिलों को तीन-तीन लाख रुपए की आर्थिक मदद करेगा।

बता दें अहिल्या पथ बनने से पीथमपुर, धार से उज्जैन को सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। यातायात का दबाव कम होगा। सिंहस्थ में बाहर से आने वाले यात्रियों को उज्जैन तक सीधी मार्ग सुविधा मिलेगी। पश्चिमी क्षेत्र का विकास होगा। नई बसाहट होगी। फिन-टेक सिटी पश्चिमी क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करेगी, साथ ही ये सिटी प्रदेश की पहली सिटी होगी, जहां वित्तीय और साफ्टवेयर कंपनी कार्य करेगी।

वहीं ग्राम मोरोद तहसील एवं जिला इन्दौर में स्थित शासकीय भूमि के खसरा क्रमांक 372/1 क्षेत्रफल 125.221 हेक्टेयर भूमि पर मंडी एवं ट्रांसपोर्ट नगर हेतु प्रस्तावित भूमि में जो वन भूमि है को FCA (Forest Conversion Act) के अंतर्गत आवेदन एवं स्वीकृति प्राप्त करने हेतु कंसलटेंट की नियुक्ति किये जाने का संचालक मण्डल द्वारा निर्णय लिया गया।

इसी तरह संचालक मण्डल द्वारा कान्ह एवं सरस्वती नदी के किनारे के विकास के लिए कन्सलटेन्ट की सेवा लेने का फैसला लिया। इस पर होने वाला खर्च शासन द्वारा अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से प्रदाय राशि में समायोजित किया जा सकेगा।

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज का आयोजन:वरिष्ठ सेवाभावी बंधुओं का किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज के मुख्य कार्यालय पर समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर इंडोनेशिया से आए भारतीय मूल के कवि बृजमोहन शर्मा (दंडोतिया), शिक्षाविद आर. एस. बादल, हरीश दुबे, केदार जारोलिया, प्रभाशंकर शर्मा का संस्था की ओर से सनाढ्य ब्राह्मण समाज के संरक्षक लीलाधर तिवारी, नरेश बिरथरे, बबन शर्मा, संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, भगवती शर्मा ने शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

इस मौके पर अनिल शर्मा, संजय जारोलिया, दीपक शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सत्यनारायण दंडोतिया, पुष्पा शर्मा, वंदना शर्मा, देवेंद्र शर्मा (ग्रेटर वैशाली), शेखर शुक्ला, संजीव उपाध्याय, शिवनारायण शर्मा नायक, विनोद गोस्वामी, सोनू दांतरे, गौरव शर्मा, विशाल शर्मा, अमित शर्मा, अंकित शर्मा, महिला मंडल संयोजक ममता बुधौलिया, घनिष्ठा शर्मा, योगीलता दांतरे एवं सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र ध्वज भी फहराया और एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

## धर्म में श्रद्धा ही सुख का कारण है : आचार्य सौरभसागरजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जन्म के बाद माता-पिता सर्वप्रथम बच्चों को संस्कारित करने का कार्य करते हैं, जितना जतन जन्म के बाद किया जाता है यदि वही कार्य शिशु के गर्भ में रहने पर किया जावे तो आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त होते हैं गर्भवती माता को यदि धार्मिक कथाएं , प्रभु की वात्सल्य लीलायें , संस्कृत एवं गणित आदि की चचाएं करते रहे तथा परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहे तो जन्म के बाद वे सारे लक्षण आश्चर्यजनक रूप से शिशु में पाए जाते हैं ,सूरजमल विहार सभागृह दिल्ली में आयोजित विद्वत संगोष्ठी में ज्योतिषाचार्य एम के जैन ने उक्त उद्गार व्यक्त किये।

प्रमुख संयोजक देवेंद्र सिंघई एवं आशीष जैन ने बताया कि आचार्य श्री सौरभसागरजी मुनिमहाराज के सानिध्य में 6 सत्रों में आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी में विभिन्न प्रांतो से सम्मिलित विद्वानों ने उद्बोधन दिया, आचार्य श्री सौरभसागरजी मुनि महाराज ने कहा कि आगम अनुसार धार्मिक मंत्र तो हमारी रगो में दौड़ते हैं लेकिन श्रद्धान कम होता जा रहा है और परिवार में यही दुख का कारण है ,हमें धर्म के प्रति श्रद्धा धारण करने की आवश्यकता है । विभिन्न विषयों पर आयोजित सत्रों में श्री विकास जैन ग्वालियर, श्री अरुणभैयाजी उज्जैन, श्रीमती सपना जैन, श्रीमती सोनीका जैन , पं. नितिन जैन इन्दौर ,श्री रविगुरुजी दिल्ली, श्री हुकुमचंद जैन आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मिलित हुए 25 अतिथि विद्वानों का सम्मान श्री संदीप जैन, अविनाश जैन ,आदेश जैन एवं विमल जैन ने किया, कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योतिषाचार्य श्री एम के जैन एवं श्री आलोक जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया, संचालन पंडित दीपेश जैन एवं आशीष जैन ने किया आभार अध्यक्ष श्री संजीव जैन ने माना।

## अपर मुख्य सचिव ने सराहा इंदौर की स्मार्ट मीटर परियोजना को स्मार्ट मीटर परियोजना का विस्तार किया जाएगा : श्रीवास्तव

### कंट्रोल सेंटर पहुंचकर संचार तंत्र, लॉस घटाने और उपभोक्ता सुविधाओं में वृद्धि की बिंदुवार जानकारी ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने शुक्रवार को इंदौर का दौरा किया। उन्होंने पोलोग्राउंड स्थित मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया और बिंदुवार जानकारी ली। श्री श्रीवास्तव ने स्मार्ट मीटर परियोजना संबंधी संचार तंत्र, ऑटोमेटेड रीडिंग, मीटर डाटा मैनेजमेंट, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सुविधाओं में बढ़ोत्तरी में स्मार्ट मीटर की भूमिका इत्यादि विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लागू स्मार्ट मीटर परियोजना की सफलता और अब तक मिली सराहना, पुरस्कार इत्यादि के बारे में भी डिस्प्ले का अवलोकन किया। अपर मुख्य सचिव ने अब तक पश्चिम क्षेत्र कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर परियोजना के संबंध में विभिन्न चरणों के कार्यों को सराहा, टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस परियोजना का विस्तार किया जाएगा। मप्र की दोनों अन्य कंपनी मध्य क्षेत्र कंपनी भोपाल और पूर्व क्षेत्र कंपनी जबलपुर को इंदौर की स्मार्ट मीटर सीख से रूबरू कराया जाएगा। इस अवसर पर पश्चिम क्षेत्र कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि अब तक 7 लाख 17 हजार स्मार्ट मीटर लग चुके है। श्री तोमर ने बताया कि दो शहर महू और खरगोन पूरी तरह स्मार्ट मीटरीकृत है,दो अन्य शहर कुछ दिनों बाद शत प्रतिशत स्मार्ट मीटरीकृत हो जाएंगे। हमारी टीम पूरे मनोयोग और समर्पण से शासन के इस महत्वपूर्ण कार्य में जुटी हुई हैं। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य , निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक आपूर्ति श्री गजरा मेहता, स्मार्ट मीटर परियोजना निदेशक श्री रवि मिश्रा, मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, श्री एसएल करवाड़िया समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## रानी अवंति बाई लोधी की जयंती पर किया पौधारोपण

**इंदौर।** 1857 की क्रांति की नायिका, इतिहास के पन्नों में लोधी समाज का नाम गौरवान्वित करने वाली रानी अवंतिबाई लोधी की 193वीं जयंती मनाई गई। ये पर्व लोधी समाज युवा समिति इंदौर ने बड़ी धूमधाम से लोधी पंच श्रीराम मंदिर में मनाया। लोधी समाज युवा समिति के अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान ने बताया कि वीरांगना रानी अवंति बाई लोधी की जयंती के उपलक्ष्य में कई जगह पौधारोपण किया गया। समाजजन द्वारा लोधी पंच श्रीराम मंदिर इंदौर में 101 दीप लगाकर महाप्रसादी वितरित की।

## नींद की बीमारियों पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इंदौर में

### दो दिनी कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से शामिल होंगे एक्सपर्टस; नींद की कमी से होती हैं कई बीमारियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 5 और 6 अक्टूबर को नींद संबंधी समस्याओं, बीमारियों पर एक इंटरेनशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। साउथ ईस्ट एशियन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन (SEAASM) द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य क्षेत्र में नींद संबंधी समस्याओं की समझ और उपचार को आगे बढ़ाना है।

आयोजन कमेटी के सचिव डॉ. रवि डोसी ने बताया कि SEAASM 2024 द्वारा समर्थित यह कॉन्फ्रेंस मेडिकल प्रोफेशनल्स को नींद संबंधी बीमारियों के निदान और इलाज के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगी। हमारा लक्ष्य विशेषज्ञ व्याख्यानों, व्यावहारिक प्रशिक्षण और केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागियों को नए इलाज से अवगत कराना है। उन्होंने कहा नींद संबंधी विकारों को दूर करने के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में नींद की कमी एक आम चिंता बन गई है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, शरीर की इम्युनिटी को बढ़ावा देने और सामान्य कामकाज में सुधार लाने के लिए पर्याप्त नींद जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं होने पर डायबिटीज,ब्लड प्रेशर, पैरालिसिस सहित कई बीमारियां होती है।

**स्वस्थ नींद के फैक्ट्स:**

अच्छी नींद के लिए रात का व्यवस्थित शेड्यूल बनाएं।
नियमित व्यायाम को प्राथमिकता दें।
सोने से पहले कैफीन और शराब का सेवन सीमित करें।
सोने से पहले स्क्रीन का समय कम से कम करें।


## इंदौर को आठवीं बार क्लीन सिटी बनाने की तैयारियां

### कई इनोवेटिव आइडिया पर होगा काम; सड़क पर कचरा फेंकने वाले कैमरों में होंगे कैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्वच्छता में देश में सातवीं बार सिरमौर होने के बाद अब आठवीं बार स्थान बनाए रखने के लिए बारिश बाद काम शुरू हो गया। इस बार इंदौर को इसके लिए भरसक प्रयास की जरूरत है। दरसअल सातवीं बार सूरत को भी पहला स्थान मिला है। दोनों शहरों को बराबरी के नंबर मिले थे। इसे देखते हुए इस बार नए इनोवेटिव आइडियाज पर काम किया जाएगा। इसके साथ ही सख्ती भी की जाएगी। सड़क पर कचरा फेंकने वाले स्टूडेंट्स कैमरों में कैद होंगे। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल अब इंदौर को अपना स्थान बनाए रखने के लिए काफी मशक्कत करने की जरूरत है। स्वच्छता की दौड़ में अन्य शहर भी अब पूरी ताकत लगा रहे हैं। पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इसे लेकर संकेत भी दिए थे। इसके बाद यही हुआ और सूरत भी बराबरी पर आ गया। इस बीच चुनाव और अन्य व्यस्तता रही और अब बारिश का दौर है। दूसरी ओर गंदगी भी लगातार बढ़ती जा रही है। रोजाना कई शिकायतें निगम के एप 311 पर भी हो रही है। अभी 100 से ज्यादा शिकायतें पेंडिंग हैं। खुद कमिश्नर वर्मा और मेयर पुष्यमित्र भार्गव मैदानी स्थिति जानने में जुटे हैं। बहरहाल, अब स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। बुधवार को स्वस्थ भारत मिशन को लेकर मेयर पुष्यमित्र भार्गव की कई बड़े अधिकारियों से बात हुई है। इसमें यह बात सामने आई है कि देश के अन्य शहरों में हमेशा इंदौर को रोल मॉडल दिखाया जाता है। ऐसे में इंदौर पीछे न हो इसलिए कुछ नए इनोवेटिव आइडियाज के साथ बेहतरीन काम किए जाएंगे। इसके साथ ही गंदगी को लेकर चाहे वह आमजन हो, स्टूडेंट्स हो या संबंधित जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी।

## देपालपुर प्रेस क्लब कार्यकारिणी की घोषणा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** देपालपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रमेश चंद्र राठौर ने संस्था के क्रियाकलापों को संचालित करने के लिए कार्यकारिणी की घोषणा कर दी उपाध्यक्ष संदीप सेन, उपाध्यक्ष निलेश चौहान, सचिव अब्दुल मतीन फारुकी, कोषाध्यक्ष सोमिल मेहता, सलाहकार मंडल के लिए वरिष्ठ पत्रकारों से अजय जैन, श्री राम बारोड, भारत सिंह तंवर एवं प्रकाश जैन को लिया गया। सभी पदाधिकारी को बधाई दी गई।

## दो बदमाशों को किया जिलाबदर

इंदौर। दो बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की है। तुकोगंज पुलिस ने क्षेत्र के बदमाश राजा पिता हरिराम निवासी गोमा की फैल का जिलाबदर प्रस्ताव बनाकर डीसीपी कोर्ट में पेश किया था। डीसीपी कोर्ट ने उसे छह माह के लिए जिलाबदर किया है। तुकोगंज क्षेत्र के बदमाश सोनू उर्फ रमेश वर्मा को पुलिस ने छह माह के लिए जिलाबदर किया था उसके खिलाफ 13 केस दर्ज हैं। जिलाबदर के पहले उसके खिलाफ छह साल से पुलिस हर साल बाउंडओवर की कार्रवाई की थी लेकिन इसके बावजूद वह सक्रिय था। इसके चलते उसे जिलाबदर किया गया है।

## कार चालक ने मारी महिला को टक्कर

इंदौर। आजाद नगर थाना इलाके की तंग गलियों में तेज रफ्तार से कार चलाते हुए कार चालक ने महिला सहित एक अन्य युवक को घायल कर दिया । मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आजाद नगर थाने में पीडिता जुलेखा बी पति काशम शेख निवासी मथुरा मैदान की शिकायत पर कार के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी आजाद नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार से अपनी कार ले जा रहा था। मदीना मस्जिद के पास मदीना नगर में उसने महिला सहित एक अन्य को चपेट में ले लिया। उसकी कार को वहीं पर लोगों ने घेर लिया था । यहां काफी हंगामा भी हुआ गनीमत रही कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई । तुरंत ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया ,पुलिस ने कार को भी जब्त किया है।

## गांजे के साथ पकड़ाया

इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के दिन गांजा सप्लाई करने वाले लाला को दबोचा है। उससे15000 रुपए का गांजा भी जब्त हुआ है । आजाद नगर थाना प्रभारी नीरज मेढा के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी समीर उर्फ लाला निवासी भील कॉलोनी मूसाखेड़ी को सुख विलास होटल के पास रिंग रोड सर्विस रोड मूसाखेड़ी से पकड़ा गया है। उसके बारे में मुखबिर ने सूचना दी थी कि वह गांजे की तस्करी के लिए निकला है। उसके पास गांजा है, घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास एक किलो 250 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत 15000रुपए है, उससे पूछताछ जारी है।

## नाबालिग लापता

इंदौर। एक नाबालिग बच्ची का खजराना दरगाह के पास से अपहरण हो गया, वह भोपाल से अपने परिवार के लोगों के साथ इंदौर खजराना दरगाह पर आई थी। पुलिस अब उसे तलाश रही है। भोपाल के ईट खेड़ी चादबाग क्षेत्र की रहने वाली अंजुम बी पति मोहम्मद रेहान ने खजराना पुलिस को बताया कि वह भोपाल से इंदौर में खजराना नाहर शाह वली दरगाह पर आए थे। दरगाह के सामने मैदान में रुके थे। उसकी नाबालिग बेटी वहीं से लापता हो गई। बच्ची कम उम्र की है ,इसलिए पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस गंभीरता से उसे तलाश रही है।

## सेंध लगाकर तार के बंडल चुराने वाले पकड़ाए

इंदौर। गोडाउन की दीवार में सेंध लगाकर वहां से पीतल के बुच और तार के बंडल चोरी हुए थे। मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने लोहामंडी स्थित पटेल इंडस्ट्री के गोदाम में वारदात की थी। गोदाम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में आए फुटेज के आधार पर शुभम उर्फ मिठाई पिता छंगा उर्फ छगनलाल कुमायूं तथा उसके साथी रवि उर्फ पद्दी पिता करण सिंह यादव दोनों निवासी जग्गा का बगीचा को पकड़ा। आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## घर के सामने से बाइक चोरी

इंदौर। घर के सामने रखी बाइक अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फरियादी रामअवतार पंवार निवासी आदर्श मौलिक नगर सुखलिया ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद वे घर से जाने के लिए निकले तो वहां बाइक क्रमांक एमपी -09-एमआर-0210 दिखाई नहीं दी। इधर-उधर ढूंढने पर जब बाइक का पता नहीं चला तो आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में तीन अज्ञात युवक बाइक ले जाते दिखे। घटना हीरानगर थाना क्षेत्र से 200 मीटर दूर हुई। दिनदहाड़े चोरी की वारदात से पुलिस की सक्रियता की पोल खुल गई। बता दें, पूर्व में भी थाना क्षेत्र में इस तरह की वारदातें हो चुकी है।

### कोलकाता डॉक्टर हत्याकांड का इंदौर में विरोध, जूनियर डॉक्टरों ने काम बंद किया

# आज शनिवार को सभी निजी-सरकारी ओपीडी बंद रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस को लेकर इंदौर के जूनियर डॉक्टरों में आक्रोश है। जूडॉ ने शुक्रवार सुबह एमवाय अस्पताल के मेन गेट पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। छात्र-छात्राओं ने हत्यारों को फांसी दो, वी वांट जस्टिस, प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी हाय-हाय के नारे लगाए। ईएसआई हॉस्पिटल के बाहर में भी जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया।

जूडा अध्यक्ष डॉ. नयन जैन ने बताया कि यहां 700 से ज्यादा जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर हैं। जूनियर डॉक्टर रुटिन काम नहीं कर रहे हैं। हमें सीनियर रेजीडेंट डॉक्टरों का भी समर्थन है। कलेक्टर आशीषसिंह ने कहा कि मरीजों को इमरजेंसी सेवाओं और ओपीडी में तकलीफ न हो इसके लिए इंतजाम किए गए हैं। जूनियर डॉक्टर्स और आईएमए ने एमवाय अस्पताल के गेट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 2 बजे तक इमरजेंसी केस ही देखेंगे। शाम 7 बजे कैंडल मार्च निकालेंगे। बता दें सोमवार से एमजीएम मेडिकल कॉलेज और एमवायएच के डॉक्टर सिर्फ इमरजेंसी केस में इलाज कर रहे हैं। बुधवार शाम को मांगों पर कार्रवाई के आश्वासन पर जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल से लौटने पर सहमति जताई थी। लेकिन बुधवार रात कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों के साथ हुई हिंसा के बाद अब आंदोलन और तेज हो गया। देर रात प्रदर्शनकारियों के साथ हुई हिंसा के बाद इंदौर में मध्य प्रदेश जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने गुरुवार को एमजीएम डीन को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्र के नाम ज्ञापन सौंप कर सभी रूटीन चिकित्सा कार्य बंद करने का ऐलान किया है। मध्यप्रदेश में जूनियर डॉक्टर द्वारा केवल इमरजेंसी सेवाएं दी जाएंगी। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर अग्र आंदोलन करने की बात कही है। डॉक्टरों द्वारा शनिवार को की जा रही हड़ताल के समर्थन में मप्र नर्सिंग होम एसोसिएशन (एमपी एनएचए) भी उतर आया है। अध्यक्ष डॉ. सुनील बॉठिया और सचिव डॉ. सुनील बारोड ने बताया कि हम कोलकाता सरकार से आग्रह करते हैं कि वे न्याय प्रदान करें और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाएँ। स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता! देशभर के चिकित्सा समुदाय के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करता है और 17 अगस्त 2024, शनिवार को निर्धारित हड़ताल का पूर्ण समर्थन करता है। इस दिन सभी चिकित्सा सेवाएँ सुबह 6 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगी।




# शेयर मार्केट इनवेस्टमेंट बताकर 5 लाख रु. हड़पे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर की एमआईजी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक युवक की शिकायत पर कार्रवाई की है। 4 मोबाइल नंबर और 2 अकाउंट होल्डर पर एक्शन लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने मुनाफे के नाम पर डी-मेट अकाउंट खुलवाया था। रुपए दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए ठगे थे।**

एमआईजी पुलिस के मुताबिक मोहम्मद इमरान पुत्र इकबाल अहमद निवासी बुदावा थाना घुपुर जिला प्रयागराज की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल नंबर और अकाउंट नंबरों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। इमरान इंदौर के मालवा मिल इलाके की किंग होटल में ठहरा हुआ था। वह निजी कंपनी में कार्यरत है।

उसने पुलिस को बताया 'आरोपियों ने बालाजी इक्विटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शेयर मार्केट में रुपए लगाने की बात कही थी। 4 लाख 75 हजार की धोखाधड़ी की गई।'

पुलिस के अनुसार, बालाजी कंपनी की तरफ से फरियादी इमरान को मुंबई के लोढ़ा सुप्रीम, डॉ. ई मोसिस रोड़ साउथ वर्ली नाका का पता दिया गया। वहां आफिस नहीं मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ की तो इस तरह की कंपनी होने की बात से इनकार किया। यहां से अनूप नगर इंदौर का पता दिया गया।

## बदमाश ले भागे महिला की चेन

इंदौर। अन्नपूर्णा में बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला की सोने की चेन लूट ली। वह अपनी बेटी के साथ खजराना दर्शन करने के लिए निकली थी। इस दौरान आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गायत्री देवी माहेश्वरी, निवासी सुदामा नगर-डी सेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गायत्री देवी ने बताया कि वह सुबह बेटी श्वेता के साथ पैदल घर से फूटी कोठी की तरफ जा रही थी। वह शर्मा डेयरी के पास पहुंची तो वहां बाइक सवार दो बदमाश आए। उसमें से एक ने पीछे से गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन लेकर भाग गए। उन्हें पकड़ने के लिए शोर मचाया, लेकिन सुबह का समय होने से सडक पर कम ही लोग थे।

# कार ने ली महिला की जान

### बाइक पर पति के साथ जाते समय हुआ हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पति के साथ बाइक पर जा रही महिला की कार ने जान ले लली। शुक्रवार दोपहर धार रोड पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीछे से आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में चंदननगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

चंदननगर पुलिस के अनलुसार घटना शुक्रवार दोपहर की है। प्रेमाबाई पति राधेश्याम (40) निवासी बिसनावदा अपने पति राधेश्याम के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे तभी छोटी बेटमा में पीछे से आ रही कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि प्रेमाबाई उछल गई और सडक पर गिर गई। सिर पर चोट लगने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति राधेश्याम घायल है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। टीआई पटेल का कहना है कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खगाले जार रहे हैं। वहीं जंहा घटना हुई वह बेटमा थाना क्षेत्र में होना बताया जा रहा है ऐसे में चंदननगर पुलिस उक्त मामले को वहां भेजेगी। फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है।

# महिला दुकानदार से अश्लील हरकत

### दुकान में घुसकर बनाया वीडियो, पिता-पुत्र पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक महिला दुकानदार की शिकायत पर व्यापारी पिता-पुत्र पर छेड़छाड़, जातिसूचक शब्दों का उपयोग करने और बिना अनुमति के वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया गया है।**

सराफा पुलिस ने 49 साल की महिला की शिकायत पर कमल जैन, रितेश जैन, मोहित जैन, संस्कार जैन के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडिता ने बताया कि कमल प्लाजा में उनकी फुटवीयर की दुकान है। 15 अगस्त की दोपहर में वह दुकान पर थी। इस दौरान आरोपी उनकी दुकान पर आए ओर वीडियो बनाने लगे। महिला दुकानदार ने उन्हें वीडियो बनाने से रोका,कहा कि उनके यहां महिला कस्टमर आती-जाती हैं। हमारा आपसे लेना देना नहीं है। जिससे विवाद है उससे बात करिए। लेकिन कमल जैन नहीं माने और अश्लील भाषा का उपयोग करते हुए लगातार वीडियो बनाते रहे। महिला का बेटा और पति आ गए। उन्होंने भी वीडियो बनाने से रोका तो अपशब्द कहे। दोपहर 1 बजे से शाम तक वीडियो बनाते रहे। उनसे कहा कि हमारी रिश्तेदार से तुम्हारा विवाद है। उनसे बात करो। लेकिन वह समझने को राजी नहीं थे। इसके बाद जब बाहर से सामान हटा रही थी तो कमल के बेटे रितेश ने कंधे पर गलत तरीके से हाथ रखा। जब हाथ हटाया तो झूमाझटकी की। इससे महिला दुकानदार को आसपास के दुकानदार भी देखने लगे।

# महाकाल लिखा, त्रिपुंड वाला शॉर्ट्स श्रद्धालु से उतरवाया

## 12 से ज्यादा लोगों को रोका, पुजारी बोले- मंदिर में ड्रेस कोड लागू हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (एजेंसी)। महाकाल मंदिर में 12 से ज्यादा श्रद्धालुओं के कपड़े उतरवाए गए। इन श्रद्धालुओं ने निक्कर (चड्डा) पहने थे, जिन पर महाकाल लिखा था और त्रिपुंड भी बने थे। मंदिर के कर्मचारी और सुरक्षाकर्मियों ने शुक्रवार सुबह परिसर में ही ऐसे लोगों को रोका।**



कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं को इस तरह के कपड़े पहनकर मंदिर नहीं आने की हिदायत दी है। कार्रवाई को मंदिर के महेश पुजारी ने भी सही बताया है। उन्होंने कहा, ऐसे कपड़े पहनने से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। मंदिर में ड्रेस कोड लागू होना चाहिए।

### कार्रवाई देख छिपने लगे निक्कर पहने भक्त

सुबह भस्म आरती के दौरान कई भक्त महाकाल लिखी निक्कर पहनकर मंदिर पहुंच गए। यह देख गर्भगृह निरीक्षक उमेश पंड्या और मंदिर समिति की सुरक्षा संभालने वाली केएसएस के सिक्योरिटी इंचार्ज विष्णु चौहान ने कार्रवाई शुरू की। 12 से ज्यादा ऐसे लोगों को पकड़ा, जो निक्कर पहनकर मंदिर में प्रवेश कर रहे थे। मौके पर ही कुछ लोगों के कपड़े उतरवा दिए। इसके बाद भक्तों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग इधर-उधर छिपकर मंदिर में प्रवेश करने लगे। हालांकि जिन भक्तों की निक्कर उतरवाई, उन्हें पहनने के लिए कपड़े भी दिए गए। इसके बाद ही मंदिर में प्रवेश दिया गया। मामले में महाकाल मंदिर के प्रशासक गणेश धाकड़ ने कहा, मैं अभी बाहर हूं। किसने यह कार्रवाई की है। आकर ही कुछ कह पाऊंगा।

### विरोध कर चुके हैं पुजारी

कई बार मंदिर में महाकाल लिखे कपड़े पहनकर प्रवेश की बात सामने आई है। कई बार मंदिर के पुजारी भी इसका विरोध दर्ज करा चुके हैं। हालांकि इस तरह की कार्रवाई मंदिर में पहली बार की गई है।

### पुजारी बोले- मंदिर में ड्रेस कोड लागू होना चाहिए

महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने बताया, काफी समय से ड्रेस कोड लागू करने की मांग कर रहे हैं। ऐसा बड़े मंदिरों में भी है। आए दिन देखने में आता है कि पुरुष छोटे-छोटे निक्कर पहनकर मंदिर में प्रवेश करते हैं। कई ड्रेस तो मंदिर के अनुकूल नहीं होती। इसी तरह युवतियां भी शॉर्ट ड्रेस पहनकर मंदिर में आ जाती हैं। इन सब पर रोक लगाई जानी चाहिए। इनसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

### मंदिर के आसपास दुकानों पर मिलते हैं कपड़े

महाकाल मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में धार्मिक वस्त्रों की दुकानें हैं। यहां महाकाल लिखी हुई टी शर्ट, दुपट्टा, शर्ट, कुर्ता, शॉर्ट्स आदि मिलते हैं। भक्त इन्हें पहनकर महाकाल मंदिर में प्रवेश करते हैं।

# चौथी मंजिल से गिरी छात्रा, मौत

### चाइना से पांच दिन पहले ग्वालियर लौटी थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** ग्वालियर में एमबीबीएस छात्रा की मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के चौथे माले से गिरने से मौत हो गई। वो चाइना में पढ़ाई कर रही थी। पांच दिन पहले ही ग्वालियर आई थी। वह डिप्रेशन में थी, जिसके चलते रिटायर्ड फौजी पिता ने उसे डॉक्टर को दिखाया भी था। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे डीडी नगर कोठारी हाउस के सामने की है।

घटना के बाद घायल छात्रा को लेकर परिजन बिड़ला हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा परिवार की इकलौती बेटी थी। पुलिस पड़ताल कर रही है कि मेडिकल स्टूडेंट का गिरना हादसा है या सुसाइड।

**गिरने की आवाज से पहुंचे लोग-** राजीव दुबे शहर के महाराज पुरा थाना क्षेत्र में डीडी नगर स्थित कोठारी हाउस के सामने रहते हैं। रात करीब साढ़े 9 बजे घर के बाहर कुछ गिरने की तेज आवाज आई। राजीव और आसपास के लोग बाहर आए तो देखा उनकी 22 वर्षीय बेटी दीक्षा सड़क पर लहूलुहान पड़ी है। राजीव का परिवार चौथी मंजिल पर रहता है। आशंका जाहिर की जा रही है कि छात्रा चौथी मंजिल की छत से ही गिरी है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। दीक्षा अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आखिरकार मेडिकल स्टूडेंट के डिप्रेशन का कारण क्या है। पुलिस को आशंका है कि उसके डिप्रेशन की जड़ चाइना से जुड़ा कोई मामला हो सकता है। अभी तक कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

**बीजेपी विधायक बोले-**

# तो बांग्लादेश जैसा भारत में होगा

## विजयवर्गीय ने कहा-खटमल, मच्छरों को कब अकल आएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना ,(एजेंसी)। बांग्लादेश के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर मध्यप्रदेश में भी बयानबाजी तेज हो गई है। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पड़ोसी देश के हालात की भारत से तुलना करने वाले नेताओं पर पलटवार किया है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो कह रहे हैं- ह्यखटमल, मच्छर ये बोलते हैं कि भारत में बांग्लादेश जैसे हालात हो जाएंगे। यहां शेर-शेरनियां बैठी हुई हैं। ये शेर-शेरनियों का देश है। खटमल और मच्छरों को कब अकल आएगी पता नहीं।ह्व**

हालांकि विजयवर्गीय ने किसी का नाम नहीं लिया। वे इंदौर में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिसका वीडियो सामने आया है।

बता दें कि 6 अगस्त को इंदौर में कांग्रेस के



विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा था- ह्यछह महीने पहले श्रीलंका की जनता प्रधानमंत्री के घर में घुसी। फिर बांग्लादेश में यही हुआ। अब भारत का नंबर है। बांग्लादेश की जनता शेख हसीना की गलत नीतियों की वजह से प्रधानमंत्री आवास में घुस गई। राष्ट्रपति भवन में घुस गई। याद रखना नरेंद्र मोदी जो जनता सड़क पर हिलोरें ले रही हैं, एक दिन तुम्हारी गलत नीतियों के कारण तुम्हारे प्रधानमंत्री आवास में घुस जाएगी और कब्जा कर लेगी।

इंदौर में 6 अगस्त को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा था कि गलत नीतियों के कारण एक दिन जनता पीएम हाउस में घुस जाएगी।

### सज्जन सिंह जैसा बयान

इधर, गुना से बीजेपी विधायक पन्ना लाल शाक्य का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वो कह रहे हैं - ह्यआज जो बांग्लादेश में हुआ है। कोई कह नहीं सकता कि मध्यप्रदेश या हिंदुस्तान में नहीं होगा, बिल्कुल होगा। हमें सुरक्षा के बारे में सोचना पड़ेगा। हमारी देशभक्ति, केवल पड़ोसी से जमीन की लड़ाई की है। उसकी एक इंच जमीन पर कब्जा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ते हैं। सदन में लुच्चे बैठे हैं। इनकी सदस्यता खत्म की जानी चाहिए।

**सामने आई पिता की क्रूरता**

# बेटी को बेरहमी से पीटता है पिता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** ग्वालियर में एक पिता की क्रूरता सामने आई है। अपनी ही दो बेटियों को पिता कभी बेल्ट से पीटता है तो कभी लात घूसों से मारता है। बेटियां विरोध करती हैं तो फिर पीटता है। हद तो तब हो गई जब उसने पीट-पीटकर 18 वर्षीय बेटी की हाथ की दो अंगुली तोड़ दीं। पिता द्वारा बेटी को बेरहमी से पीटने की पूरी घटना घर में लगे कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित बेटी अपनी छोटी बहन को लेकर एसपी ऑफिस पहुंची और पिता से बचाने की गुहार लगाई है। डरी और घबराई बेटियों का कहना है कि हम पिता के साथ नहीं रह सकते। कभी-कभी ऐसा लगता है अपनी जान दे दें। मां के छोड़कर चले जाने और दादी के देहांत के बाद अब पिता उनकी नहीं सुनता। पुलिस अफसरों ने तत्काल मामले में एक्शन के लिए जनकगंज थाना प्रभारी को निर्देशित किया है। अब बेटियों ने पिता की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी करने की बात कही है।

### पुलिस का कहना

एएसपी निरंजन शर्मा का कहना है कि एक बच्ची ने आकर शिकायत की है कि उसका पिता आए दिन उसे बेरहमी से पीटता है। उसकी छोटी बहन को भी पीटता है। उसकी दो हड्डियां तक फैक्चर हो चुकी हैं। इस मामले में थाना प्रभारी को तत्काल एक्शन के लिए कहा है।

# सीएम के गृह नगर में कांग्रेस ने किया आंदोलन

## कलेक्टोरेट का घेराव, कलेक्टर को दिया ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, निप्र।** प्रदेश में बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, महाकाल मंदिर की अव्यवस्था, नर्सिंग घोटाला, नीट एग्जाम फजीर्वाड़ा भ्रष्टाचार, शिप्रा दुर्दशा सहित तमाम मुद्दों को लेकर शुक्रवार को उज्जैन में प्रदेश कांग्रेस ने हल्ला बोल आंदोलन कर सीएम को आड़े हाथों लिया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि उज्जैन से धार्मिक प्रवृत्ति के डॉ.मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने पर जनता ने गर्व महसूस किया लेकिन सत्ता के अहंकार में चूर होने के बाद मुख्यमंत्री जमीनों के सौदागर और शराब माफिया हो गए। कांग्रेस मांग करती है कि महाकाल नगरी में शराब बंद होनी चाहिए।

शहीद पार्क पर सभा के बाद कांग्रेस नेताओं ने कोठी रोड स्थित प्रशासनिक संकुल भवन की ओर कूच किया। यहां कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता उग्र होने लगे और पुलिए द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के ऊपर चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हो गई। धक्का-मुक्की के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भागते हुए नजर आए। 1 घंटे तक चले घेराव व प्रदर्शन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बेरिकेड्स पर चढ़ कर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह को ज्ञापन देकर प्रदर्शन को समाप्त किया। इसके पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने महाकाल मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल के दर्शन किए।

**10 साल में बड़े उद्योगपतियों के 12.5 लाख करोड़ के कर्ज माफ किए -दिग्विजय सिंह-** शहीद पॉर्क पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह ने कहा कि कांग्रेस के युवाओं में आज जोश देखने को मिल रहा है। सीएम के घर पर जो हल्ला बोला उसके लिए बधाई। उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए लोगों पर तंज कसते हुए कहा कि डरता वो है जिन्होंने कांग्रेस से खूब कमाया और खाया। जब लड़ने का मौका आया तब भाजपा में शामिल हो गए। दिग्विजयसिंह ने प्रधानमंत्री मोदी पर कहा कि देश को खूब लूट रहे है। मोदी ने 10 साल में बड़े उद्योगपति के 12.5 लाख करोड़ के कर्ज माफ किए। बिजली का नया मीटर आया है जो अब 1 हजार का बिल 4-5 हजार का देगा। पहले मामा ने लाड़ली बहनो को 1250 रुपए दिए फिर बिजली के बिल 3 हजार रूपसे भेज कर डबल वापस लिए।

**तो हम सीएम का करेंगे नागरिक अभिनंदनः पटवारी-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस प्रस्ताव तैयार करती है कि महाकाल की नगरी में शराब का व्यवसाय बंद होना चाहिए। ऐसा होता है तो हम मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नागरिक अभिनंदन करेंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार पर कहा कि यह माफिया सरकार है। किसी का घर तुड़वा रहे है तो किसी जमीन पर बुलडोजर चलवा रहे हैं। जमीन और शराब माफिया होते जा रहे है सीएम।

**140 करोड़ की जमीन आरएसएस को दे दीः सिंगार-** प्रदेश कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा उज्जैन की जमीन लूटने लगी है। 140 करोड़ की जमीन आरएसएस को दे दी। प्रदेश में सबसे महंगी शराब उज्जैन में बिक रही है। उज्जैन में शराब बंदी क्यो नहीं करते। 500 करोड़ से अधिक का बजट स्वीकृत कर फिर से शिप्रा नदी की सफाई में खर्च के लिए लगा रहे है। शिप्रा तुमसे कभी साफ नहीं होगी।

## संपादकीय

# हालात की गंभीरता न समझ पाना पुलिस के लिए बड़ा सवाल

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से कोलकाता के एक मेडिकल कालेज में एक महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई, उसमें सुधार और सख्ती का सवाल सरकार के लिए शायद अब भी नजरंदाज करने लायक है। इसमें दो राय नहीं कि इस वारदात के बाद लोगों के भीतर दुख और आक्रोश है और अस्पताल के भीतर सुरक्षा इंतजामों पर उठने वाले सवाल भी स्वाभाविक हैं। मगर इसकी आड़ में कुछ लोगों की भीड़ को अराजकता पैदा करने की छूट नहीं मिल जाती है। गौरतलब है कि महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में बुधवार की रात डाक्टरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से लोगों की एक भीड़ आई और उसने हिंसा और व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़ की। खबरों के मुताबिक, उस भीड़ में शामिल लोगों ने प्रदर्शन स्थल, वाहनों और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। यहां तक कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग को भी नहीं बख्शा गया और सीसीटीवी की भी तोड़फोड़ की गई। एक बेहद त्रासद घटना पर विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से पहुंची भीड़ ने जो किया, वह या तो सुनियोजित लगता है या फिर पूरी तरह अराजक। अब एक ओर वहां सत्ताधारी से लेकर विपक्ष के सभी दल हिंसा करने वाली भीड़ में शामिल लोगों की पहचान करने और सख्त कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि यह घटना भ्रामक प्रचार अभियान की वजह से हुई। सवाल है कि जिस अव्यवस्था की वजह से एक डाक्टर की हत्या कर दी गई, उसके बाद भी पुलिस और प्रशासन को स्थिति की गंभीरता क्यों नहीं समझ में आई। सरकार का दायित्व क्या था? अस्पताल परिसर में एक अपराध के हो जाने के बावजूद वहां सुरक्षा व्यवस्था की हालत यह थी कि कोई अराजक भीड़ वहां घुसी और उसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। इससे अचानक उपजी परिस्थिति से निपटने की पुलिस की क्षमता और इच्छाशक्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि इस संवेदनशील मामले पर सरकार से लेकर सभी पक्ष हर स्तर पर कानूनी तकाजों को पूरा करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर जोर दें, ताकि इंसाफ सुनिश्चित हो सके।




शेखचिल्ली बहुत गरीब था। वो एक नंबर का मूर्ख और कामचोर भी था। उसके घर कई-कई दिनों तक खाना तक नहीं बनता था। ये सब देखकर एक दिन शेखचिल्ली की पत्नी को बहुत गुस्सा आ गया। उसने शेखचिल्ली पर चिल्लाते हुए कहा, "मैं इस गरीबी से तंग आ चुकी हूं। अब मैं इस हालत में नहीं रह सकती है। जब तक तुम पैसे कमाकर नहीं लाओगे, मैं तुम्हें घर में घुसने नहीं दूंगी।"

इतना कहकर शेखचिल्ली को उसकी पत्नी ने पैसे कमाने के लिए घर से बाहर भेज दिया। साथ ही उसे चार सूखी रोटियां भी दे दी, ताकि रास्ते में भूख लगे, तो खा सके। शेखचिल्ली पत्नी के गुस्से से डरकर काम की तलाश में घर से निकल पड़ा।

शेखचिल्ली सबसे पहले अपने गांव के साहूकार के पास गया। उसने सोचा कि साहूकार उसे जरूर काम पर रख लेगा, लेकिन उल्टा साहूकार ने उसे डांटकर भगा दिया। इसके बाद शेखचिल्ली काम की तलाश में एक गांव से दूसरे गांव में भटकता रहा, लेकिन घर वापस नहीं गया, क्योंकि पत्नी ने गुस्से में कहा था कि बिना नौकरी के घर वापस मत आना।

जब शेखचिल्ली चलते-चलते बहुत थक गया, तो पास में एक कुएं को देखकर उसके चबूतरे पर जाकर बैठ गया। अब उसे तेज भूख भी लग रही थी, तो उसने अपनी पोटली से सूखी रोटियां बाहर निकालीं, लेकिन उसे इतनी तेज भूख लगी थी कि इन चार रोटियों से उसका पेट नहीं भरने वाला था। रोटियों को देखकर वो बार-बार सोचने लगा कि अगर सारी रोटियां उसने अभी खा लीं, तो बाद में क्या करेगा। इसी उधेड़बुन में शेखचिल्ली हर बार रोटियों को पोटली से निकालकर गिनता और वापस अंदर रख देता।

आखिर में जब उसे कुछ नहीं सूझा, तो उसने कुएं के देवता से मदद मांगने की सोची। वो कुएं के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया और बोला, "हे प्रभु, अब आप ही मदद करो। मुझे तेज भूख लगी है, लेकिन इन चार रोटियों से मेरा पेट नहीं भरने वाला और इन रोटियों को अभी खा लिया, तो कल क्या खाऊंगा? मुझे तो अभी कोई नौकरी भी नहीं मिली है। अब तुम ही बताओ कि मैं क्या करूं? एक खाऊं, दो खाऊं, तीन खाऊं, या चारों खा जाऊं?" अब उस कुएं में कोई देवता तो रहता नहीं था, जो उसके सवालों का जवाब देता।

उल्टा कुएं में चार परियां रहती थीं, जो शेखचिल्ली की बातें सुनकर डर गईं। उन्हें लगा कि कुएं के बाहर कोई राक्षस आया है, जो उन्हें खा जाएगा। बस इसी डर के मारे चारों परियां राक्षस से दया की भीख मांगने कुएं से बाहर निकल आईं। कुएं से बाहर आते ही उन्होंने शेखचिल्ली के आगे हाथ जोड़कर कहा, "हे राक्षसराज! आप बहुत शक्तिशाली हैं। आप बेवजह चारों को खाने के बारे में सोच रहे हैं। अगर आप हम पर दया करें, तो हम आपको कुछ ऐसी चीजें दे सकती हैं, तो आपके बहुत काम आएंगी।"

परियों को अपने सामने देखकर शेखचिल्ली हैरान रह गया और समझ नहीं आया कि वो परियों से क्या बोले। शेखचिल्ली को चुप देखकर परियों ने समझा कि राक्षसराज ने उनकी बात मान ली है। इसलिए, उन्होंने शेखचिल्ली को एक कठपुतला और एक कटोरा देते हुए कहा,"हे राक्षसराज! यह कठपुतला आपकी हर बात मानेगा। आप जो कहेंगे ये वो ही करेगा और ये कटोरा आप जो खाना चाहेंगे, वो आपको खाने के लिए देगा।" यह कहकर परियां कुएं में वापस चली गईं।

यह सुनकर शेखचिल्ली बहुत खुश हुआ और सोचा कि अब उसे घर वापस चले जाना चाहिए। ये सारी चीजें देखकर उसकी पत्नी बहुत खुश होगी, लेकिन तब तक बहुत रात हो चुकी थी, इसलिए वो पास के एक गांव पहुंच गया। वहां उसने एक आदमी को रातभर के लिए अपने घर में ठहराने की प्रार्थना की। उसने वादा किया कि इसके बदले वो उसे और उसके परिवार को अच्छी-अच्छी मिठाइयां और पकवान खिलाएगा। यह सुनकर वह व्यक्ति शेखचिल्ली को अपने साथ घर के अंदर ले गया।

जब घर के सभी सदस्य एक कमरे में बैठे हुए थे, तभी शेखचिल्ली ने अपना कटोरा निकाला और उसे तरह-तरह की मिठाइयां और स्वादिष्ट खाना देने के लिए कहा। इतना कहते ही वहां मिठाइयों और तरह-तरह के व्यंजनों का ढेर लग गया। जब सभी ने पेट भरकर खाना खा लिया, तो घर के मालिक की पत्नी बर्तन साफ करने के लिए जाने लगी, लेकिन शेखचिल्ली ने उसे रोक दिया और कहा कि मेरा कठपुतला ये सारे बर्तन साफ कर देगा। इतना कहना भर था कि कठपुतले ने चुटकियों में सारे बर्तन साफ कर दिए।

शेखचिल्ली के कटोरे और कठपुतले का कमाल देखकर घर के मालिक और उसकी पत्नी के मन में लालच आ गया। फिर शेखचिल्ली के सोते ही उन्होंने उसके झोले से सारी चीजें चुरा लीं और उनकी जगह नकली कटोरा और कठपुतला रख दिया। अगली सुबह शेखचिल्ली उठा और हाथ-मुंह धोकर झोला उठाकर घर की ओर चल दिया।

घर पहुंचते ही उसने पत्नी के सामने बड़ी-बड़ी डींगे मारनी शुरू कर दीं। शेखचिल्ली बोला, "भाग्यवान, अब तुम्हें कोई भी काम करने की जरूरत नहीं है और न ही खाने-पीने की चिंता करने की जरूरत है। तुम जो कहोगी, वो काम ये कठपुतला कर देगा और जो खाना चाहोगी उसे ये कटोरा तुम्हारे सामने ला देगा", लेकिन शेखचिल्ली की पत्नी को उसकी बातों पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं हुआ। उसने कहा, "मैं नहीं मानती, तुम साबित करके दिखाओ।" फिर क्या था, शेखचिल्ली ने कटोरे और कठपुतले को अपना करतब दिखाने को कहा, लेकिन लेकिन वो दोनों चीजें तो नकली थीं, तो भला अपना जादू कैसे दिखातीं। ये देखकर शेखचिल्ली की पत्नी और ज्यादा नाराज हो गई और उसे बहुत डांटा।

पत्नी की बात सुनकर शेखचिल्ली उदास हो गया और वापस उसी कुएं के चबूतरे पर जाकर बैठ गया। उसे कुछ सूझ नहीं रहा था कि क्या करे और फूट-फूट कर रोने लगा। उसके रोने की आवाज सुनकर चारों परियां कुएं से बाहर आ गईं और शेखचिल्ली से उसके रोने का कारण पूछा। शेखचिल्ली ने सारी कहानी उन्हें कह सुनाई। उसकी बात सुनकर परियों को हंसी आ गई। उन्होंने कहा, "हमने तो तुम्हें खतरनाक राक्षस समझा था, इसीलिए तुम्हें खुश करने के लिए वो करामाती चीजें दी थीं, लेकिन तुम तो बहुत ही साधारण इंसान हो। तुम परेशान मत हो। हम तुम्हारी मदद करेंगी। हम तुम्हें एक रस्सी और एक डंडा दे रहे हैं। इन्हें लेकर एक बार फिर उसे घर में जाना, जिन्होंने तुम्हारी चीजें चुराई थी। इस रस्सी से उन्हें बांध देना और डंडे से खूब पीटना। इसके बाद वो परिवार तुम्हें तुम्हारी चीजें वापस दे देगा।" इतना कहते ही परियां कुएं में वापस चली गईं।

परियों की बात मानकर शेखचिल्ली फिर उसी घर में गया। उसने घर के मालिक से कहा, "इस बार में तुम्हें नया जादू दिखाऊंगा।" उस आदमी ने लालच में आकर शेखचिल्ली को फिर से अपने घर में रुकने की इजाजत दे दी। घर के अंदर जाकर शेखचिल्ली का आदेश मिलते ही जादुई रस्सी ने घर के मालिक और उसकी पत्नी को बांध दिया और डंडे ने उनकी जमकर पिटाई शुरू कर दी। दर्द के मारे दोनों पति-पत्नी जोर-जोर से चिल्लाने लगे और शेखचिल्ली से माफी मांगने लगे। शेखचिल्ली ने कहा, "तुमने मुझे धोखा दिया है। तुमने मेरा सामान चुराकर मेरा भरोसा तोड़ा है। जब तक तुम मेरी चीजें वापस नहीं करोगे, तब तक ये डंडा नहीं रुकेगा।" इतना सुनते ही पति-पत्नी ने शेखचिल्ली को उसकी चीजें वापस लौट दीं। इसके बाद शेखचिल्ली ने रस्सी और डंडे को रुक जाने का आदेश दिया।

दोनों चीजें मिलते ही शेखचिल्ली खुशी-खुशी वापस घर लौट गया। शेखचिल्ली को देखकर उसकी पत्नी गुस्से में चिल्लाई, "तुम फिर लौट आए! अगर तुम घर के अंदर घुसे, तो मैं बेलन से तुम्हारी पिटाई करूंगी।" यह सुनकर शेखचिल्ली ने मन ही मन रस्सी और डंडे को आदेश दिया कि वो उसकी पत्नी को बांधे और उसकी पिटाई शुरू कर दे। रस्सी और डंडे का कमाल देखकर पत्नी डर गई और शेखचिल्ली से वादा किया कि वो फिर कभी उसके साथ बुरा व्यवहार नहीं करेगी। इसके बाद कहीं जाकर रस्सी और डंडे से उसे छुटकारा मिला। इसके बाद शेखचिल्ली ने जादुई कठपुतले और कटोरे का कमाल दिखाया।

### कहानी से सीख :

हमें कभी किसी के साथ धोखा नहीं करना चाहिए और न ही लालच करना चाहिए। इसका परिणाम हमेशा बुरा ही होता है।

## Himachal Pradesh

# हिमाचल के रामपुर में फिर बादल फटा, ऊना में पुल टूटा; इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**शिमला, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश में मानसून का रौद्र रूप जारी है। समेज में 17 दिन पहले मानसून से हुई भारी तबाही के बाद एक बार फिर रामपुर उपमंडल में बादल फटने की घटना सामने आया है। रामपुर के तकलेच में बीती रात बादल फटने से आए सैलाब ने लोगों को डरा दिया। जान बचाने के लिए लोग रात को अपने घरों व दुकानों को छोड़कर भागे।

बादल फटने की घटना रामपुर के तकलेच पंचायत के अंतर्गत डमराली में हुई है। इससे यहां के नाले में बाढ़ आ गई और कई घर खतरे की जद में आ गए। सड़क का कई मीटर हिस्सा सैलाब में बह गया, जिससे इलाके में परिवहन सुविधा ठप पड़ गई है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी देर रात नोगली पहुंचे और हालात का जायजा लिया।



उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि इस घटना से अभी तक जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। जिला प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा कि डमराली और तकलेच के कारण देर शाम को भारी बारिश हुई। तकलेच के ऊपर वाले हिस्से डमराली में बादल फटने से पानी का भारी सैलाब साथ लगते नाले में आ गया। जिस वक्त यह सैलाब आया तकलेच वासियों ने इस नाले की गड़गड़ाहट साफ सुनी। लोग घरों से बाहर निकल गए। इसी वजह से बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। डमराली स्थित मोबाइल टावर भी बंद हो गया। इस कारण यहां की छह पंचायत का मोबाइल सिग्नल प्रभावित हो चुका है।

## Karnataka

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ चलेगा मुकदमा, गवर्नर ने दी मंजूरी; जमीन घोटाला का है मामला



**बेंगलुरु, (एजेंसी)** कर्नाटक से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जो आने वाले समय में राज्य की राजनीति में भूचाल ला सकती है। वहां के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ उनके परिवार से जुड़े MUDA मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत को दो कार्यकर्ताओं की शिकायतें मिली हैं, जिनमें से एक आरटीआई कार्यकर्ता टीजे अब्राहम भी हैं। दूसरी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा द्वारा हाल ही में की गई थी।

शिकायत में कहा गया है कि सीएम सिद्धारमैया द्वारा कानून का पालन करने के बार-बार दावों के बावजूद सिद्धारमैया की पत्नी को MUDA द्वारा 14 साइटें आवंटित करने में स्पष्ट उल्लंघन हुआ है। इससे पहले कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने भी मुख्यमंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति क्यों न दी जाए। जवाब में, कर्नाटक कैबिनेट ने 'दृढ़ता से सिफारिश' की कि राज्यपाल मुख्यमंत्री को जारी नोटिस वापस लें। कर्नाटक में भूमि आवंटन घोटाला सुर्खियों में रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी 2021 में भाजपा के कार्यकाल के दौरान MUDA की लाभार्थी थीं। उस समय मैसूर के प्रमुख स्थानों में 38,284 वर्ग फुट भूमि उन्हें उनकी 3.16 एकड़ जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण के मुआवजे के रूप में आवंटित की गई थी।

## Bihar

# भागलपुर में निर्माणाधीन फोर लेन पुल का एक हिस्सा फिर गंगा नदी में समाया

**भागलपुर, (एजेंसी)** बिहार के भागलपुर में सुल्तानगंज-अगुवानी गंगा नदी पर निर्माणाधीन चार लेन पुल का एक हिस्सा तीसरी बार गंगा नदी में गिर गया। इस पुल का निर्माण एसपी सिंगला कंपनी कर रही है। यह पुल खगड़िया और भागलपुर जिलों को जोड़ने के लिए बनाया जा रहा है। पुल गिरने की वजह बाढ़ के चलते पिलर के डूबने को बताया जा रहा है। पुल हादसे में किसी के हताहत की खबर नहीं है। क्योंकि इस वक्त बाढ़ के चलते पुल निर्माण का कार्य रोका गया था। बताया जाता है कि सुल्तानगंज से अगुवानी घाट तक पिलर 9 और 10 के बीच का हिस्सा गंगा नदी में डूब गया है। इसके चलते पिलर कमजोर हो गया था और एक हिस्सा पुल में गिर गया। इस पुल का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि पुल निर्माण का कार्य बाढ़ के चलते रुका हुआ है। वहीं, एक हिस्सा गिरा हुआ है। जबकि शुक्रवार को भी पुल का एक हिस्सा नदी में गिर गया और पानी में समा गया। यह पुल इससे पहले भी दो बार गिर चुका है। सबसे पहले यह पुल 30 अप्रैल 2022 को गिरा था। इसके बाद 4 जून 2023 को पुल का एक हिस्सा नदी में गिर गया था।

## Uttarpradesh

# पटरी पर हैवी बोल्डर! इंजन से हुई टक्कर तो डिरेल हो गई साबरमती एक्स. की 22 बोगियां

**कानपुर, (एजेंसी)** यूपी के कानपुर में आज सुबह रेल हादसा हो गया। यहां ट्रेन के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि साबरमती एक्सप्रेस (वाराणसी से अहमदाबाद) का इंजन आज सुबह 2:35 बजे कानपुर के पास ट्रैक पर रखी किसी चीज से टकरा गया। इसके बाद पटरी से उतर गया। इस घटना के बाद कुछ निशान देखे गए हैं। कुछ निशान लोको से 16वें कोच के पास मिले थे। शुरुआती जांच के अनुसार, रेलवे ट्रैक में कोई फ्रैक्चर नहीं है।



रेल मंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि हादसे के एविडेंस सुरक्षित कर लिए गए हैं. आईबी और यूपी पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है. इस घटना में यात्रियों या कर्मचारियों को कोई चोट नहीं आई है. पैसेंजर्स के लिए अहमदाबाद के लिए ट्रेन की व्यवस्था की गई है.

साभार आज तक

## खेल

# खेल मंत्री मांडविया को पैरालंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद, भारत भेज रहा सबसे बड़ा दल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पेरिस ओलंपिक के बाद अब 28 अगस्त से पैरालंपिक खेलों का आयोजन होना है। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में 19 पदक जीते थे और इस बार भी देश को पैरा खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। भारत की ओर से 84 सदस्यीय दल इसमें हिस्सा लेगा जिनके लिए शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।**

इस मौके पर खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया और उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक भाला फेंक चैंपियन सुमित अंतिल मौजूद थे। मांडविया ने पिछले कुछ वर्षों में पैरा खिलाड़ियों की



उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, भारत का 84 सदस्यों का दल पेरिस जा रहा है। पिछली बार टोक्यो पैरालंपिक में यह संख्या 56 थी। हमारे 56 खिलाड़ियों के दल ने 19 पदक जीते लेकिन इस बार हमारे खिलाड़ियों की संख्या 84 है। हमें उम्मीद और विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस में पहले से अच्छा प्रदर्शन कर अपने माता पिता और देश का गौरव बढ़ाएंगे। आप चुनौती को चुनौती देने वाले खिलाड़ी हो, आप विपरीत परिस्थिति को अनुकूल करने वाले लोग हो। आपको बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

इस मौके पर भाला फेंक चैंपियन सुमित और गोला फेंक की अनुभवी खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव को उद्घाटन समारोह के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक नामित किया गया। सुमित ने कहा, मैं इन खेलों में एक बार फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। कोशिश रहेगी कि स्वर्ण पदक के साथ देश वापस आएं। इस बड़े आयोजन में देश का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। यह पहली बार है जब मैं पैरा खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनूंगा। काफी अच्छा लग रहा है।

### झाझड़िया को 25 से अधिक पदक जीतने की उम्मीद

पीसीआई अध्यक्ष झाझड़िया ने कहा कि उन्हें भारतीय दल से 25 से ज्यादा पदक की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मैंने 25 पदक का लक्ष्य बताया है लेकिन मुझे उससे अधिक पदक की उम्मीद है। मैं खुद खिलाड़ी रहा हूं और मैंने भारतीय खिलाड़ियों की तैयारियों को करीब से देखा है। मुझे उनसे काफी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। हम अगर इस लक्ष्य को हासिल कर सकें तो पदक तालिका में शीर्ष 20 देश में जगह बना सकते है। मुझे एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा पदक की उम्मीद है। इसमें हमारे 38 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## सिनेमा

# खुशी कपूर ने बिना हिचके किया सर्जरी का खुलासा! डेब्यू से पहले खूबसूरत दिखने के लिए बदल डाले थे नैन-नक्श



हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की दोनों बेटियां इंडस्ट्री में खूब नाम कमा रही हैं। जान्हवी कपूर तो पहले से ही अपनी खूबसूरती के जलवे बिखेर रही हैं, अब खुशी कपूर भी 'द आर्चीज' से डेब्यू करने के बाद से लगातार सुर्खियों में हैं। इस बीच खुशी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो प्लास्टिक सर्जरी करवाने की बात खुले तौर पर स्वीकार कर रही हैं। एक पुराने वीडियो में कॉमेंट करने वाले एक इंस्टाग्राम यूजर को जवाब देते हुए Khushi Kapoor ने खुलासा किया कि उन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले नाक की सर्जरी और होंठों में फिलर करवाया था। इस वीडियो में खुशी अपनी मां श्रीदेवी, बहन जान्हवी और पापा बोनी कपूर के साथ हैं। उनसे उनकी मां की परफॉर्मेंस के बारे में पूछा जाता है तो वो कहती हैं कि वो मां को स्टेज पर देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। उस वक्त उनके दांतों में ब्रेसेस लगे हुए थे। एक यूजर ने उनके लुक को लेकर कॉमेंट किया तो खुशी ने लिखा, 'लिप फिलर और (नाक वाला इमोजी) हाहाहा।'जिस तरह से खुशी ने खुलेआम अपनी सर्जरी के बारे में खुलासा किया है, वो देख हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। एक सोशल मीडिया यूजर ने कॉमेंट किया, 'ये बहुत अच्छा है कि वो इसे स्वीकार कर रही हैं। ये उनकी पसंद है और वो नैचुरल होने का दिखावा नहीं कर रही हैं।




1. Pak-origin Tahawwur Rana, accused in 26/11 attacks, is extraditable to India: US
2. What could be a bigger drama: BJP's Sangeeta on Mamata's rally
3. Woman tries jumping off Atal Setu, video shows cab driver & policemen saving her
4. Doctors begin 24-hour nationwide strike over Kolkata doctor's rape & murder
5. Is CM Mamata protesting against Home Minister Mamata?: BJP's Harsh

# Gold hits record high on softer dollar, rate cut hopes, Middle East tensions

**NEW DEIHI, (Agency).** Gold prices rose to an all-time high on Friday as a cocktail of factors ranging from a weaker dollar, growing expectations for a U.S. interest-rate cut in September to geopolitical tensions in the Middle East bolstered demand for bullion.



Spot gold was up 1.3% to $2,487.66 per ounce by 09:30 a.m. EDT (1330 GMT). Gold gained 2.5% so far this week. U.S. gold futures rose 1.4% to $2,526.40.

The dollar index fell 0.3% and was on track for a fourth week of losses, making gold more appealing for buyers overseas. [USD/] [US/]

"Gold surged to a fresh all-time high after two weeks of extremely choppy trading as bulls finally impose their will," Tai Wong, a New York-based independent metals trader, said.

"The $2,500 hurdle is likely to fall soon though attention will shortly focus on Fed Chair Powell's speech at Jackson Hole a week from today to provide direction for a more detailed outlook on the upcoming rate cuts."

The July releases of the producer price index and consumer price index this week indicated inflation was subsidising, which could keep the U.S. Federal Reserve on track to start its monetary easing cycle with a 25-basis point rate cut next month.

Traders look forward to minutes from the Fed's previous policy meeting and Fed Chair Jerome Powell's outlook of the U.S. economy next week.

In other news, the Israeli army on Friday ordered a fresh evacuation of areas in southern and central Gaza previously designated as a humanitarian safe zone, saying they had been used by Hamas as a base to attack Israel.

Bullion is considered a hedge against geopolitical and economic uncertainties and tends to thrive in a low-interest-rate environment.

# 8th Pay Commission: What may be the revised minimum salary and pension, date of implementation

**NEW DEIHI, (Agency).** The 8th Pay Commission may potentially be set up by January 1, 2026, revising salaries and pension benefits for more than one crore central government employees and pensioners, but no confirmation on this matter has been received so far, despite representations from employee unions over the last one year.



The government has usually implemented new Pay Commission recommendations once every 10 years, with the 7th Pay Commission coming into effect on January 1, 2016.

What were the changes in the 7th Pay Commission?

Employee unions demanded a 3.68 fitment factor when it came to salary revision for the 7th Pay Commission, but the government decided on a fitment factor of 2.57. The fitment factor is a multiplier used for calculating salaries and pensions.

This led the minimum basic pay to become ₹18,000 per month, compared to the ₹7,000 in the 6th Pay Commission.

The minimum pension also rose from ₹3,500 to ₹9,000.

The maximum salary became ₹2,50,000 and the maximum pension became ₹1,25,000.

### तहसीलदार, पटवारी पर गोलियां चलवाने वाले

# भू-माफिया के अवैध निर्माण चिन्हित, कार्रवाई की तैयारी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। अरविंदो अस्पताल की जमीन से कब्जा हटाने पहुंचे तहसीलदार और पटवारी पर भू-माफियों ने गोलियां चलावा दी थी। भू-माफिया के गार्डों ने करीब 28 फायर किए गए और अधिकारियों को जान बचाकर भागना पड़ा था। मामले में बाणगंगा थाने में प्रकरण तो दर्ज करा दिया गया, लेकिन भू-माफिया के अवैध कब्जों पर अब तक प्रशासन का बुलडोजर नहीं चला है। अब जाकर भू माफिया के अवैध निर्माण चिह्नित कर लिए गए हैं और जल्दी ही इन्हें ढहाया जाएगा। गोलियां चड्डलाने वाले दो गार्डों जय कुमार और जयदीप मिश्रा को 15 अगस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उनकी बंदूकें भी जब्त की गई हैं। एक गार्ड प्रदीप मिश्रा पहले दिन ही गिरफ्तार हो चुका है, जबकि सुरेश पटेल अब भी पकड़ से बाहर है। कब्जेदार सुरेश पटेल अब भी बाहर धूम रहा है। उसधे अवैध निर्माण और कब्जों पर दो दिन बाद भी प्रशासन का बुलडोजर नहीं चला।अरविंदों हास्पिटल की 7 एकड़ जमीन पर सुरेश पटेल और अन्य लोगों ने कब्जा कर रखा है। न्यायालय के निर्देश पर अस्पताल की जमीन से कब्जेदारों को बेदखल करने की कार्रवाई के लिए राजस्व अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान गार्डों ने 12 बोर की बंदुक से गोलियां चला दी। फायरिंग के बाद मल्हारगंज तहसीलददार शैवाल सिंह और पटवारी को मौके से उलटे पांव लौटना पड़ा था। इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह का कहना है आरोपियों पर रासुका की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा सुरेश पटेल के अन्य के अवैध निर्माणों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए है।जल्द ही अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की जेब में रखे 1 लाख रुपए चुरा ले गए बदमाश

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। इंदौर के एमआइजी थाना क्षेत्र में शिव पालकी यात्रा में स्वागत के दौरान एक युवक की जेब कट गई। जेब में एक लाख रुपए रखे थे। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

एमआइजी थाना पुलिस ने फरियादी अखिलेश राय उम्र 22 साल निवासी अंबिका नगर की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घटना 12 अगस्त की है। युवक ने पुलिस को बताया कि वो अटल द्वार से निकलने वाली शिव पालकी यात्रा के लिए लगे स्वागत मंच पर स्वागत करने चढ़ा था। उसकी जेब में 1 लाख 700 रुपए नकद रखे थे। स्वागत करने के दौरान अज्ञात व्यक्ति उसकी जेब से रुपए चुरा ले गया। पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक